हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 12 जनवरी 2024



06 नगर की स्वास्थ्य सुविधाएं वेंटिलेटर...



07 शासकीय जगह से हटाकर तय स्थान पर...



## खबर संक्षेप

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर हुआ आयोजित

**नलखेड़ा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा गुरुवार को जनपद पंचायत नलखेड़ा की ग्राम पंचायत इकलेरा व गुर्जरखेड़ी पहुंची, यात्रा का गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर शिविर लगाकर शासन की योजना पर आधारित जन-जागरूकता, हितलाभ वितरण एवं आधार अपडेशन, जनकल्याणकारी योजनाओ के लाभ हेतु पंजीयन आदि गतिविधियां आयोजित की गई। साथ ही स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया। विभागों द्वारा शासन की योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाकर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने हेतु पंजीयन किए गए। इस अवसर पर अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा कार्यक्रमों को सम्बोधित कर शासन की योजनाओं की जानकारी देकर पात्रतानुसार लाभ लेने का आव्हान-किया। साथ ही 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर एवं विकसित बनाने का संकल्प भी दिलाया गया तथा अतिथियों द्वारा प्रधानमंत्री उज्वला योजना, मृदा हेल्थ कार्ड तथा कृषि विभाग की योजनाओ में हितलाभ का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया।

### सर्विस रोड़ व फुटपाथ पर कब्जा

**नलखेड़ा।** लगता है कि गत दिनों सुसनेर में हुए हादसे से प्रशासन ने सबक नहीं लिया है। इसीलिए इंदौर कोटा राजमार्ग पर स्थित आमला चौराहे पर सर्विस रोड़ व फुटपाथ पर कब्जा दिखाई नहीं दे रहा है। यह अतिक्रमण किसी दिन सुसनेर हादसे की पुनरावत्ति कर सकता है। कोटा राजमार्ग पर खड़े वाहन से दूसरा वाहन टकरा जाने से तीन वाहन जल गए थे जिसमें एक व्यक्ति जिंदा भी जल गया था। इसी प्रकार के हादसे की पुनरावत्ति इसी मार्ग पर स्थित आमला चौराहे पर भी हो सकती है। यहाँ आवासीय क्षेत्र होने के चलते राजमार्ग के दोनों ओर सर्विस रोड़ व फुटपाथ भी बनाये गए हैं। लेकिन वहां साइन बोर्ड लगाकर एवं अन्य तरीकों से कब्जा कर उन्हें अनुपयोगी बना दिया गया है। ऐसे में राजमार्ग पर ही वाहन खड़े किए जा रहे हैं और ग्रामीण क्षेत्र के रहवासी भी राजमार्ग से ही गुजरने को मजबूर हो रहे है। ऐसे में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

### पीड़ितों के लिए 83 लाख रुपए स्वीकृत

**सीहोर।** 2023 में पीड़ित प्रतिकर योजनाओं के तहत अपराध से पीडितों को 49 प्रकरणों में 83 लाख 10 हजार रुपए की प्रतिकर राशि स्वीकृत की गई है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मुकेश कुमार दांगी ने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण गंभीर अपराध से पीडितों को इस कार्यालय के माध्यम से प्रतिकर की राशि स्वीकृत की जाती है। हत्या, बलात्कार, बालकों के विरूद्ध यौन अपराध, एसिड अटैक, 40 प्रतिशत से अधिक स्थायी निशक्तता, शरीर के महत्वपूर्ण भाग पर चोट, महिलाओं के विरूद्ध अपराध आदि अपराधों से पीडितों, उनके वारिसान को पुनर्वास के लिए प्रतिकर राशि प्रदान की जाती है।

### पंद्रह जनवरी तक मनेगा महिला सशक्तिकरण सप्ताह

**सीहोर।** 15 जनवरी 2024 तक महिला सशक्तिकरण सप्ताह मनाया जा रहा है।महिला सशक्तिकरण सप्ताह के दौरान विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिला स्तर पर लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली ग्राम पंचायतों को पुरूस्कृत किया जायेगा, प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित बालिकाओं का सम्मान, शौर्य दल के सदस्य जिन्होंने उल्लेखनीय कार्य किया हो उन्हें भी सम्मानित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त ऐसी बालिकाएँ जिनके द्वारा सूचना दी जाकर स्वयं का बाल विवाह रोका गया हो, को भी सम्मानित किया जायेगा।

### अस्थाई अतिक्रमण के साथ ही स्थाई अतिक्रमण को भी किया गया जमींदोज

# प्रशासन की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई दूसरे दिन भी रही जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर में यातायात में बाधक अतिक्रमण हटाने की मुहिम लगातार दूसरे दिन भी चली। अमले द्वारा जेसीबी के माध्यम से अस्थाई के साथ ही स्थाई पक्के बने हुए अतिक्रमण को भी जमीदोंज किया गया। गुरुवार को एसडीएम मिलिंद ढोके के मार्गदर्शन में नगर परिषद, राजस्व व पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से नगर के सरदार पटेल चौराहे से राज होटल के समीप तक, शिवाजी चौराहे से मां बगलामुखी चौराहे तक अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई गई। मुहिम में अमले द्वारा जहां अस्थाई अतिक्रमण हटाये गए वहीं कुछ स्थाई अतिक्रमण को भी जमीदोंज किया गया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान तहसीलदार प्रीति भिन्से, नायब तहसीलदार पारस वैश्य, नगर परिषद सीएमओ देवेंद्र वत्स के साथ राजस्व विभाग के पटवारी तथा नगर परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



## अतिक्रमण में सहायक फुटपाथ को भी हटाने का कार्य प्रारंभ

**नलखेड़ा।** अतिक्रमण हटाओ मुहिम के साथ ही नप ने शिवाजी चौराहे से मां बगलामुखी चौराहे तक अतिक्रमण में सहायक बन रहे सड़क के दोनों ओर बने फुटपाथ को हटाने का कार्य भी प्रारम्भ कर दिया गया। नगर के शिवाजी चौराहे से मां बगलामुखी चौराहे तक सड़क के दोनों किनारों पर वर्षों पूर्व फुटपाथ बनाये गए थे जोकि पिछले कुछ वर्षो से जहाँ अतिक्रमण में सहायक बन रहे थे वही इनसे सड़क की चौड़ाई कम हो जाने से जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी। इन्ही फुटपाथ के किनारों पर सम्पूर्ण मार्ग पर चौपहिया वाहन भी खड़े हो रहे थे। जो जाम के साथ-साथ दुर्घटनाओं के कारण भी बन रहे



थे। फुटपाथ के बाद दुकानों के मध्य लगभग 30 फिट से अधिक की जगह खाली पड़ी हुई थी जो अनुपयोगी होकर दुकान वालों के लिए अतिक्रमण करने के उपयोग में आ रही थी। समाचार पत्रों द्वारा विगत कुछ वर्षों में कई बार समस्याओं का कारण बन रहे इन फुटपाथ को हटाने के संबंध में प्रमुखता से समाचारों का प्रकाशन भी किया गया था। जिसके बाद नगर परिषद द्वारा उक्त मार्ग से फुटपाथ हटाकर चौड़ीकरण की डीपीआर बनाकर शासन को स्वीकृति हेतु भेजी भी गई थी लेकिन शासन द्वारा उसे आज तक स्वीकृत नही किया गया। बुधवार को नगर में एसडीएम मिलिंद ढोके के नेतृत्व में प्रारम्भ हुई अतिक्रमण हटाओ मुहिम के दौरान यह बात पुनः अधिकारियों के संज्ञान में आई जिस पर नगर परिषद द्वारा गुरुवार को सड़क के दोनों ओर बने इन फुटपाथ को हटाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। फुटपाथ के हट जाने से अब इस मार्ग की चौड़ाई लगभग 105 फिट हो जाएगी। जिसके चलते इस मार्ग पर जाम लगने की संभावना बिल्कुल कम हो जाएगी। अब नगर परिषद को इस मार्ग पर अतिक्रमण रोकने के लिए लगातार निगरानी करना होगी अन्यथा फुटपाथ हटाने का जो लाभ यातायात के सुधार में होना चाहिए वह नहीं मिल पाएगा।

### कलेक्टर ने आठ छात्रावासों के अधीक्षकों को जारी किया शोकाज नोटिस

**नलखेड़ा।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने छात्रावासों से अनुपस्थित रहने पर 08 छात्रावासों के अधीक्षकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर तीन दिवस में जवाब तलब किया है। उल्लेखनीय है कि शासन नियमानुसार छात्रावास अधीक्षक को छात्रावास में ही निवास कर अपने कर्तव्यों का पालन करना होता है, कलेक्टर के निर्देशानुसार 08 जनवरी की रात्रि में तहसीलदारों द्वारा अपने क्षेत्रों के छात्रावासों का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान बालिका छात्रावास नेताजी सुभाष चन्द्र बोस नलखेड़ा की अधीक्षिका संगीता पाटीदार, सीनियर बालक छात्रावास पिपलोनकलां अधीक्षक शंकरलाल मालवीय, सीनियर बालिका उत्कृष्ट छात्रावास नलखेड़ा अधीक्षिका संगीता कटारिया, जूनियर बालिका छात्रावास कानड़ अधीक्षिका आयुषी जैन, जूनियर बालक छात्रावास आगर अधीक्षक कृष्णपालसिंह राठौर, सीनियर बालक उत्कृष्ट छात्रावास आगर कृष्णपालसिंह राठौर, सीनियर बालक छात्रावास तनोड़िया अधीक्षक हरीसिंह गोयल, दिव्यांग छात्रावास भण्डारी आहता अधीक्षक धीरजसिंह छात्रावास से अनुपस्थित रहे, छात्रवास अधीक्षक एवं अधीक्षिका का उक्त कृत्य कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता को प्रदर्शित करता है तथा मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम-1965 का उल्लंघन होकर , मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 में वर्णित प्रावधानों के अन्तर्गत दण्डनीय है। छात्रावास अधीक्षक एवं अधीक्षिका के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में शिविर आयोजित






हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

विकसित भारत संकल्प यात्रा गुरूवार को कानड़ पहुंची, यात्रा का नगर में पहुंचने पर नगर वासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। भारत संकल्प यात्रा का आयोजन पुराने झण्डा चौक के सामने किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कन्या पूजन किया गया। तत्पश्चात विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ द्वारा योजनाओं संबंधित जानकारी रहवासियों को दी गई। इस अवसर पर शिविर लगाकर शासन की योजना पर आधारित जन-जागरूकता,हितलाभ वितरण एवं आधार अपडेशन, जनकल्याणकारी योजनाओ के लाभ हेतु पंजीयन आदि गतिविधियां आयोजित की गई। साथ ही स्वास्थ्य शिविर लगाकर उपस्थित नगर वासियों का स्वास्थ्य परीक्षण स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया। विभागों द्वारा शासन की योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाकर पात्र हितग्राहियों को



लाभान्वित करने हेतु पंजीयन किए गए। इस अवसर पर अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा कार्यक्रमों को सम्बोधित कर शासन की योजनाओं की जानकारी देकर पात्रतानुसार लाभ लेने का आव्हान-किया। साथ ही 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर एवं विकसित बनाने का संकल्प भी दिलाया गया तथा अतिथियों द्वारा प्रधानमंत्री उज्वला योजना, मृदा हेल्थ कार्ड तथा कृषि विभाग की योजनाओ में हितलाभ का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की गति को आगे बढ़ाते हुए हितग्राहियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी बताई गई। कार्यक्रम के दौरान लाभान्वित हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरण की गए। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष चिंतामन राठौर,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भेरूसिंह चौहान, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं सांसद प्रतिनिधि बाबूलाल बीजापारी, मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह दरबार,कैलाश नारायण परिहार पार्षद, सिद्धनाथ चौधरी पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष, मुकेश केलकर, सुंदर यादव, बने सिंह चौहान पार्षद प्रतिनिधि, विजयलक्ष्मी राजेश माली पार्षद, देवकरण पार्षद, श्याम गुर्जर पार्षद प्रतिनिधि, दिनेश अंकल, गोपाल बीजापारी पूर्व पार्षद, जवान सिंह संगवालिया, योगेश शर्मा, मनीष शर्मा, दयाराम खजुरिया, ' एवम नगरीय क्षेत्र कानड़ की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं समस्त नगर परिषद कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश बीजापारी एवम मुकेश केलकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आभार मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिव सिंह चौहान ने माना।

### गुदरावन में हनुमान मंदिर के प्रांगण में चल रही भागवत कथा

# अभिमान का त्याग करने वाला भगवान का प्रिय हो जाता है: संत श्री वैष्णव





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जो भगवान को प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें अभिमान का त्याग कर देना चाहिए। भरत एवं हनुमानजी ने अभिमान का त्याग किया इसलिए वह भगवान को प्रिय हो गए। इसीलिए इस मानव जीवन में जो भी अभिमान का त्याग कर देता है, वह भगवान का प्रिय हो जाता है। तहसील के ग्राम गुदरावन में बावड़ी वाले हनुमान मंदिर के प्रांगण में श्रीमद् भागवत सप्ताह के अंतर्गत छठे दिवस की कथा सुनाते हुए संत श्री परमानंदजी वैष्णव चित्रकूट ने उपस्थित भक्तों के समक्ष कही। संतश्री ने कहा कि जो परमात्मा को प्राप्त करने हेतु सब कुछ त्याग कर देता है वह महात्मा कहलाता है। गोपियों की सुंदर-सुंदर कथाओं का बखान करते हुए कहाकि जो भगवान को प्राप्त करना चाहते हैं उन्हें अभिमान का त्याग कर देना चाहिए।

**भागवत कथा के छठे दिवस पर कृष्णः** रुक्मणी विवाह का भव्य आयोजन भागवत समिति द्वारा किया गया तथा इस अवसर पर ग्रामवासी एवं आसपास के भागवत प्रेमी श्रोता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। गुदरावन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का विश्राम होगा इस अवसर पर महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### कुशलपुरा में चल रही श्री राम कथा को सुनने के लिए उमड़ रही लोगों की भीड़

# अच्छे कर्मों के अलावा कुछ भी साथ नहीं जाने वाला है: संत गोविंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

इस जगत में भगवान के नाम तथा अच्छे कर्मों के अलावा कुछ भी साथ नहीं जाने वाला है, इसलिए अधिक से अधिक भगवान का नाम तथा अच्छे कर्म करें ताकि यहां दुर्लभ मानव जन्म सफल हो सके। तहसील के ग्राम कुशलपुरा में चल रही सात दिवसीय श्री राम कथा के दौरान उक्त उद्गार मालव माटी के प्रसिद्ध संत गोविंद जाने ने उपस्थित श्रद्धालु भक्तों के समक्ष व्यक्त किये।

संत श्री ने कहाकि जीवन में कभी भी किसी के साथ मन मुटाव नहीं रखना चाहिए। सदा सबसे मिलते - जुलते रहना चाहिए। भगवान ने हमें चंद सांसे दी है, उसे अच्छे कर्मों में लगाकर समाजोत्थान के कार्य करना चाहिए।

आत्मा को परमात्मा तक पहुंचाने के लिए हमें इस दुर्लभ मानव जीवन में धर्म आराधना करना पड़ेगी तभी हमारी आत्मा का कल्याण होगा। यदि आपके अंदर अच्छे





भाव हैं, तो भगवान शीघ्र पसंद हो जाते हैं।

संत श्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं से कहा कि अगर मोतीझरा (टाईफाइड) हो जाये तो भोजन का स्वाद बिगड़ जाता है, वैसे ही यदि जीवन में घमंड हो तो जीवन का स्वाद बिगड़ जाता है। यदि किसी को मवड़े के रस का स्वाद लग जाये तो जीवन में उसे छोड़ नहीं सकता। वैसे ही राम नाम का जिसे चस्का लग जाए वह राम नाम सुमिरन नहीं छोड़ सकता।

उन्होंने कहा कि प्रकृति का यह नियम है कि यदि हम किसी को सुख देते हैं तो हमें भी सुख मिलेगा और किसी को दुख देते हैं तो हमें भी दुख मिलेगा। अध्यात्म जगत में प्रवेश करना हो तो मन में सभी जीवो के प्रति दया व करुणा का भाव होना चाहिए। दया ही धर्म का सार है, भारतीय संस्कृति भी दया प्रधान है, यही कारण है कि किसी जीव के साथ हमारा कोई संबंध नहीं होता लेकिन उसके प्रति भी हमारे मन में दया और करुणा का भाव रहता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम हमारी रक्षा करते हैं उसी प्रकार सभी जीवो की रक्षा करें क्योंकि सभी जीवो की रक्षा करना हमारा धर्म भी है तो हमारा कर्तव्य भी है। श्री राम कथा के अंतर्गत संत श्री गोविंद जाने ने सती चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि सती जी ने भगवान राम और अपने पति भगवान शंकर के साथ में छल किया तो अपने पिता के यज्ञ में जलना पड़ा। इस प्रकार जो अपने पति और परमात्मा से छल कपट करता है उसे भी जिंदा जलना पड़ता है।

संत श्री गोविंद जाने ने कहा कि परोपकार के लिए मन तो बनाएं परमपिता परमेश्वर बड़े दयालु है मान जाते हैं। मां हिम्मत होती है मां साहस होती है। दुनिया में सच्चा प्रेम केवल और केवल मां ही कर सकती है और कोई नहीं। अन्य लोग स्वार्थ के कारण प्रेम करते हैं, मां का प्रेम निस्वार्थ होता है।

### शिव व माता पार्वती का विवाहोत्सव मनाया

- कथा के अंतर्गत भगवान शिव और माता पार्वती का विवाहोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।
- वहीं आज कथा स्थल पर भगवान श्री राम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा।
- श्री राम कथा को सुनने के लिए बड़ी संख्या में महिलाओं व पुरुषों से पंडाल खचाखच भरा हुआ था।
- कथा विश्राम पर रामचरितमानस ग्रंथ की पूजा आरती यजमान द्वारा की गई तथा उपस्थित भक्तों को प्रसादी का वितरण किया गया।

## खबर संक्षेप

### हनुमान मंदिर पर हुआ सुंदरकांड का आयोजन



**चापडा।** ग्राम पंचायत बेड़ामऊ के समीप स्थित प्राचीन मनोरमा के जंगल में स्थित हनुमानजी के मंदिर पर ग्राम बेड़ामऊ के ग्रामीणों द्वारा सुंदरकांड का आयोजन किया गया, और क्षेत्र की सुख शांति की कामना की गई। चंद्रसिंह सेंधव , राजपाल सिंह सेंधव ने बताया कि यह स्थान काफी प्राचीन है, यहां पर आसपास के गांव के लोगों की आस्था जुडी हुई है।यहां पर इस प्रकार के आयोजन होते रहते हैं, और उसी के चलते हैं ग्रामीणों के सहयोग से यहां पर सुंदरकांड का आयोजन किया गया है, और गांव व क्षेत्र की सुख शांति की कामना की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण जन यहां पर सम्मिलित हुए और सुंदरकांड के पश्चात हनुमान जी की आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सीमा कमल यादव बनी ग्रामीण जिला अध्यक्ष



**बागली।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा मध्य प्रदेश द्वारा नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसके अंतर्गत प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव एवं पुष्पेन्द्र सिंह यादव की अनुशंसा पर नगर परिषद बागली अध्यक्ष सीमा कमल यादव को देवास जिला ग्रामीण जिला अध्यक्ष बनाया गया है। यादव को ग्रामीण जिला अध्यक्ष बनने पर सभी समाज जनों एवं वरिष्ठजनों द्वारा हर्ष व्यक्त किया है।

### स्वामी विवेकानंद जयंती पर निकलेगी वाहन यात्रा

**देवास।** शहर में दिन प्रतिदिन वाहन दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है, इन दुर्घटनाओं के शिकार होने वालों में बड़ी संख्या युवाओं की होती है। इन दुर्घटनाओं के पीछे मुख्य कारण वाहन चालकों में ट्रैफिक नियम पालन की कमी रहती है। देवास में वाहन चालक अनुशासनहीन तरीके से अपने वाहनों को दौड़ाते है।इस महत्वपूर्ण विषय को केंद्र में रखते हुए श्री राजाभाऊ महाकाल सेवा न्यास देवास द्वारा स्वामी विवेकानंद की जन्मजयंती दिनांक 12 जनवरी को ₹स्वानुशासन वाहन यात्रा₹ ।यह वाहन यात्रा आईटीआई मैदान विकासनगर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से निकलेगी। वाहन यात्रा का समापन सयाजी गेट पर विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ होगा। इस वाहन यात्रा में ट्रैफिक नियम पालन जैसे हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, गटीसीमा का पालन करना, लेन व्यवस्था, ट्राफिक सिग्नल का पालन करने का संदेश दिया जाएगा। इस वाहन यात्रा को पुलिस प्रशासन एवं ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी सम्बोधित करेंगे। वाहन यात्रा हेतु नगर की प्रमुख समाजसेवी संगठनों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में सम्मलित होकर नागरिक अनुशासन का पालन करने का संकल्प लेंगे।

### आकस्मिक सेवा वाहन एम्बुलेंस की हो रही दुर्दशा

# नगर की स्वास्थ्य सुविधाएं वेंटिलेटर पर जिम्मेदार आखिर कब लेंगे संज्ञान

लंबे समय से जनप्रतिनिधियों एवं जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के कारण स्वास्थ्य सेवाओं के हाल बेहाल है। इस का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली हमेशा बदहाली को लेकर चर्चा में रहता है, जहां पर कागजों में तो सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित होना बताई जाती है। लेकिन वास्तविक स्थिति में यहां पर लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद भी बदहाल स्थिति में सुधार नहीं हो पा रहा है। लंबे समय से जनप्रतिनिधियों एवं जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के कारण यहां पर हाल बेहाल है, और यहां पर आने वाले मरीजों को एवं क्षेत्र की आम जनता को सुचारू रूप से सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है। शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली में नोट प्रेस बैंक द्वारा लगभग 3 वर्ष पहले एक एंबुलेंस यहां पर आने वाले मरीजों की सुविधा के लिए भेंट की गई थी।

लेकिन अस्पताल मैनेजमेंट इस एंबुलेंस का सही से मैनेजमेंट नहीं कर पाया, ना ही इसका संचालन सुचारू रूप से हो रहा है, मरीजों को आवश्यकता पड़ने पर इस एंबुलेंस का लाभ नहीं मिल रहा है। अस्पताल के मैनेजमेंट कि लापरवाही के कारण यह एंबुलेंस अस्पताल में लावारिस की तरह खड़ी रहकर धूल खाती रहती है, तो वहीं विगत कुछ दिनों से चापडा के इंदौर रोड पर खड़ी हुई नजर आ रही है, जो की सड़क किनारे खड़ी है और धूल खा रही है।हालांकि सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अस्पताल मैनेजमेंट इस एंबुलेंस के रिपेयरिंग कार्य के नाम पर बड़ी राशि खर्च कर चुका है, इसके बावजूद भी इसका लाभ आम जनता को नहीं मिल पा रहा है। जानकारी के अनुसार जब एंबुलेंस अस्पताल को मिली थी उस दौरान एंबुलेंस के मेंटेनेंस के नाम पर अस्पताल में ओपीडी का चार्ज बढ़ाया गया था।

हालांकि चार्ज बढ़ गया है आज भी वही बड़ी हुई राशि ली जा रही है, लेकिन उस राशि का सदुपयोग नहीं हो पाया है, और उसी का परिणाम है कि यह एंबुलेंस का सुचारू रूप से संचालन नहीं हो पा रहा है। अस्पताल में इमरजेंसी होने पर मरीजों के परिजनों को निजी वाहन से मरीज़ों को इंदौर या देवास ले जाना पड़ता है, यदि कोई प्रभावशाली व्यक्ति होता है तो ही अस्पताल का मैनेजमेंट उस पर ध्यान देता है और ताबड़तोड़ कुछ व्यवस्था जोड़ता है। लेकिन आमजन एवं गरीब परिवार का यदि कोई पेशेंट होता है तो उसे निजी खर्चे से ही वाहन किराए से करके ले जाना पड़ता है। लंबे समय से देखने में आ रहा है कि आज तक किसी वरिष्ठ अधिकारियों ने अस्पताल का औचक निरक्षण नहीं किया, हालांकि अधिकारियों को भी यहां की कमियों की जानकारी है, इसके बावजूद भी निरीक्षण क्यों नहीं करते एक बड़ा प्रश्न है। हालांकि बीच में बाहर से टीमें यहां के निरीक्षण के लिए आती है, लेकिन पहले ही अस्पताल मैनेजमेंट को पता चल जाता है, की टीम निरीक्षण पर आ रही है, तो उससे पहले ही अस्पताल में साफ सफाई एवं सुचारू रूप से व्यवस्था कर दी जाती है, टीम के निरीक्षण के बाद फिर वही स्थिति उत्पन्न होती है।

**एंबुलेंस में है खराबी**

एंबुलेंस में कुछ खराबी है जिसके काम के लिए उसे चापडा में खड़ा किया है, काम होने पर वापस उसे अस्पताल में लाकर उपयोग में लिया जाएगा।

**डॉ. हेमंत पटेल,** खंड चिकित्सा अधिकारी प्रभारी बागली

# कलेक्टर ने अरिहंत इंजीनियरिंग और इंडस्ट्री का निरीक्षण किया

**स्व सहायता समूह को भी जोड़ेः गुप्ता**



**देवास।** इंड्रस्टी चल रहे कार्यों को देखते कलेक्टर गुप्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने अरिहंत इंजीनियरिंग उज्जैन रोड देवास और अरिहंत इण्डस्ट्री का निरीक्षण किया। अरिहंत इंजीनियरिंग में बनाई जा रही बैम्बू प्रोसेसिंग मशीन का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि कम लागत में बैम्बू प्रोसेसिंग मशीनों निर्माण करना तारिफ के काबिल है। बांस उत्पाद बनाने में स्व सहायता समूह की महिलाओं को भी जोडा जाये। निरीक्षण के दौरान अरिहंत इंजीनियरिंग संचालक जम्बो कुमार बोथरा, नमन बोथरा और मनन बोथरा ने अरिहंत इंजीनियरिंग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि अरिहंत इंजीनियरिंग 19 साल से कार्यरत है, अरिहंत इंजीनियरिंग में 35 लोगो को रोजगार दिया जा रहा है। अरिहंत इंजीनियरिंग द्वारा 150 तरह की मशीने बनाई जाती है। जिनकी लागत 20 हजार से लेकर 20 लाख रूपये तक है।

पहले बैम्बू प्रोसेसिंग मशीनों का निर्माण चीन में होता था। जिसके पार्ट भी नहीं मिलते थे। अब बैम्बू प्रोसेसिंग मशीनों का निर्माण देवास में ही किया जा रहा है। मशीनों के पार्टस भी उपलब्ध है और लागत की चाईना की मशीनों से कम है। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि अरिहंत इंजीनियरिंग द्वारा भूटान, नाइजीरिया, तंजानिया, नेपाल, इजिप्त सहित अन्य देशों में भी बैम्बू प्रोसेसिंग मशीनों को निर्यात किया जा रहा है।

बैम्बू प्रोसेसिंग मशीनों से 1500 तरह के प्रोडक्ट बनाने की योजना है। जिसमें स्व सहायता समूह को भी जोडा जायेगा। अरिहंत इंजीनियरिंग द्वारा बैम्बू के अलावा केले के पत्ते से फाईबर भी बनाया जा रहा है, जो कपडा बनाने एवं अन्य सामग्री के निर्माण में उपयोग किया जाता है। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि बांस प्रोडक्ट बनाने वाली मशीनों के संबंध में प्रति वर्ष 500 नागरिकों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

कम्पनियों की जरूरत के हिसाब से भी बांस प्रोडक्ट बनाने वाली मशीनों का निर्माण किया जाता है। अरिहंत इंजीनियरिंग से पूरे देश में जेलों और वृद्धाश्रम में मशीने पहुचाई जा रही है। जिससे जेलों में और वृद्धाश्रम में बांस के प्रोडक्ट बनाये जा रहे है। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि अरिहंत इंजीनियरिंग द्वारा बांस की स्टीक, अगरबत्ती की स्टीक, स्ट्रा, चम्मच, टूथब्रश, पर्दे, चटाई, बॉस्केट अन्य तरह की सामग्री बनाने की मशीनों को कम लागत में तैयार किया जाता है।

# अयोध्या में चल रहा मंदिर निर्माण, देवास करेगा कारसेवकों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आज जब 500 वर्षो से अधिक समय की इंतजार की घडिय़ा समाप्त होने जा रही है। हिन्दु समाज अपने पुनरुत्थान की ओर अग्रसर है। भगवान रामलला अपने जन्म स्थान पर विराजित होने जा रहे है। चहुओर खुशियों का वातावरण है। ऐसे में संस्था देशराग देश के बहुसंख्यक वर्ग की खुशियों में शामिल हो इस उत्सव को महा उत्सव बनाने में कोई कसर नही छोड़ रही है।उपरोक्त जानकारी देते हुए संस्था संयोजक विजय गेहलोत एवं कार्यक्रम आयोजक राहुल शर्मा ने बताया कि 22 जनवरी को हो रहे श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे देश एवं सर्व हिन्दू समाज में उत्साह का माहौल छाया हुआ है। इस उल्लासमय वातावरण में संस्था देशराग विभिन्न आयोजनों के माध्यम से खुशियों के नए रंग भर रही है जो कि शहर के विभिन्न मंदिरों में रामयज्ञ से प्रारंभ होकर अन्यान्य मंदिरों और विभिन्न धार्मिक संस्थाओं को प्रभु श्रीराम का निःशुल्क छायाचित्र भेंट करने के रूप में अनविरत जारी है। इसी श्रृंखला में देवासवासी संस्था देशराग के माध्यम से 14 जनवरी, रविवार को स्थानीय मल्हार स्मृति मंदिर में सायं 4 बजे अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के नीव के पत्थर सन 1990 और 1992 में अयोध्या गए नगर के लगभग 100 कारसेवकों का सम्मान करने जा रहे है। होने वाले कारसेवकों के नागरिक अभिनंदन एवं सम्मान समारोह में महामृत्युंज मठ के प.पू. महंत स्वामी प्रणव पुरी जी महाराज अपने आर्शीवचन प्रदान करेंगे। वहीं देश के प्रख्यात कवि, साहित्यकार सुमित जी ओरछा अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रीराम प्रेरणा कथा के काव्यात्मक रंग बिखेरेंगे। आयोजकों ने बताया कि देवास विधायक श्रीमंत गायत्रीराजे पवार के आतिथ्य एवं देवास पूर्व रियासत के मराठा नरेश श्रीमंत विक्रम सिंह पवार के संरक्षण में संस्था देशराग 22 जनवरी तक इसी प्रकार के विभिन्न धार्मिक और रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी। संस्था के सदस्यों एवं आयोजकों ने कार्यक्रम में उपस्थित कारसेवकों के प्रति अपनी सादर भावांजलि प्रकट करने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की।

### युवा दिवस पर जिलास्तरीय कार्यक्रम होगा आयोजित

**देवास।** स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस युवा दिवस पर जिला स्तर पर 12 जनवरी को सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम उत्कृष्ट स्कूल में सुबह 09.30 बजे से 10.30 बजे तक आयोजित होगा। जिले के सभी स्कूलों में भी युवा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत, वंदे-मातरम और मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन होगा। रेडियो के माध्यम से मुख्यमंत्री के संदेश का प्रसारण कार्यक्रम होगा।

# युवा परिषद ने मनाया आचार्य चाणक्य स्मृति दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ हाटपीपल्या



सर्व ब्राह्मण समाज युवा परिषद द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में आचार्य चाणक्य स्मृति दिवस मनाया गया। आयोजन में आरती, पुजन के साथ विद्वत गोष्ठी भी आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्व ब्राह्मण समाज के पं.बालकृष्ण मोदी, पं. बंशीधर चौधरी, भागवताचार्य पं.गोवर्धन जोशी, पं.संजय दुबे, पं.नरेंद्र जोशी अनीता जोशी थे। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य चाणक्य के चित्र पर माल्यार्पण कर हुआ।

अतिथियों का अभिवादन तिलक लगाकर किया गया। अतिथि उद्बोधन में भागवताचार्य पं.गोवर्धन जोशी ने कहा कि आचार्य चाणक्य ब्राह्मण जरुर थे। परंतु आचार्य सामाजिक समरसता के प्रबल पक्षधर थे और वे चन्द्रगुप्त मौर्य के महामंत्री थे। वे 'कौटिल्य' नाम से भी विख्यात थे। मुद्राराक्षस के अनुसार इनका असली नाम 'विष्णुगुप्त' था। उन्होने नंदवंश का नाश करके चन्द्रगुप्त मौर्य को राजा बनाया। उनके द्वारा रचित अर्थशास्त्र राजनीति, अर्थनीति, कृषि, समाजनीति आदि कई महान ग्रंन्थ है। अर्थशास्त्र मौर्यकालीन भारतीय समाज का दर्पण माना जाता है। अतिथि पं.संजय दुबे द्वारा आचार्य चाणक्य के जीवन एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों एवं उनके नीतियों के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त किए गए। मुख्य अतिथि पंडित बालकृष्ण मोदी द्वारा आचार्य चाणक्य नीति शास्त्रों एवं राजनीतिज्ञता पर सारगर्भित विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही उन्होंने ब्राह्मणों को धर्म कर्म से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ब्राह्मणों का वास्तविक संविधान मनुस्मृति है।


मनुस्मृति में दिए गए सिद्धांतों के अनुसार ही हर मनुष्य को चलना चाहिए। गोष्ठी में पंडित उमेश जोशी, पंडित वासुदेव जोशी, पंडित नरेंद्र पाठक, पंडित आर्य भूषण शर्मा आदि ने भी अपने विचार प्रकट किए।परिषद द्वारा चार धाम की यात्रा पूर्ण करने पर पंडित नरेंद्र जोशी एवं उनकी धर्मपत्नी अनिता जोशी का शॉल श्रीफल से अभिनंदन किया गया।

उपरोक्त अवसर पर श्रवण जोशी, मनोज जोशी, उमेश जोशी, वासुदेव जोशी, नरेंद्र पाठक, अंतिम जोशी, युवा अध्यक्ष पंडित आर्य भूषण शर्मा, सचिव कमलेश शर्मा, लोकेश जोशी, कुंदन शर्मा, चेतन शर्मा, नवीन जोशी, गौरव जोशी, गौरव शर्मा, शुभम शर्मा, चंदन शर्मा, पं. आर्य मधुर शर्मा आदि उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम का संचालन पं.मनोज जोशी ने किया व आभार पं. कमलेश शर्मा ने माना।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत उन्नत खेती के लिए जानकारी की गई साझा

# नई पीढ़ी को सुरक्षित रखना है तो रासायनिक खेती छोड़ेः कनेरिया





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

आज के समय में अधिक उत्पादन की चाह में किसान रासायनिक दवाइयां की ओर अधिक आकर्षित हो रहा है। यदि किसान कृषि विभाग के द्वारा दी जा रही जानकारी के अनुसार खेती करते हैं, तो काफी लाभ होगा।

आज के समय में रासायनिक दवाइयों के कारण खेत खराब हो रहे हैं, और हमारे शरीर में भी जहर पहुंच रहा है ।यदि हमें नई पीढ़ी को सुरक्षित रखना है, तो रासायनिक खेती से अब हमें दूरी बनाते हुए जैविक खेती की ओर अग्रसर होना होगा। तभी हम नई पीढ़ी को सुरक्षित रख सकते हैं। उक्त विचार विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत मोखाप्पिल्या में जिला डिप्टी डायरेक्टर आर पी कनेरिया द्वारा सभी ग्रामीण व किसानों को संबंध संबोधित करते हुए कहे गए। इस दौरान कृषि से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां कनेरिया द्वारा किसानों को दी गई।

गुरुवार के दिन विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत मोखाप्पिल्या में पहुंची, जहां पर सरपंच जितेंद्र सिंह दरबार के नेतृत्व में यात्रा का स्वागत हुआ। उक्त यात्रा में डिप्टी डायरेक्टर आर पी कनेरिया ,कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर मनीष कुमार, मृदा वैज्ञानिक डॉक्टर सविता कुमारी, सांसद प्रतिनिधि बहादुर सिंह सेंधव, दूल्हे सिंह दरबार, जनपद सदस्य प्रतिनिधि राजेश दुग्गड , रामेश्वर ठिंगला ,उप सरपंच रामेश्वर जाट ,ओम प्रकाश चौहान, समंदर सिंह दरबार, पावन दरबार पंचायत विभाग से अनीता गवली उपस्थित रहे। जिनकी उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान डॉक्टर सविता कुमारी द्वारा किस प्रकार से हमें गोबर खाद को तैयार करना चाहिए, और किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही कृषि वैज्ञानिक द्वारा भी किसानों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। वहीं पंचायत से जुड़ी जानकारियां अनीता गवली द्वारा दी गई। इस दौरान महिला बाल विकास अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में लाडली लक्ष्मी योजना के स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सरपंच जितेंद्र सिंह दरबार द्वारा सभी अतिथियों का पुष्प माला से स्वागत किया गया।पशु विभाग से डॉक्टर भारतीय शर्मा, स्वास्थ्य विभाग से प्रियंका चौहान, पंचायत सचिव शोभालसिहं कुंभकार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता किरण जाट, सुमनबाई सोलंकी, गैस एजेंसी संचालक गोपाल मानधन्या, रंजन सिंह दरबार, राजाराम जाट, समंदर सिंह दरबार सहित कई वरिष्ठ जन उपस्थित रहे। इस दौरान पंचायत अधिकारी अनीता गवली द्वारा विकसित भारत को लेकर सभी को संकल्प दिलाया गया।कार्यक्रम का संचालन विनोद बाबेल द्वारा किया गया। आभार सहायक सचिव मोहन जाट द्वारा व्यक्त किया।

# करनावद परिषद को स्वच्छता में मिला वन स्टार रेटिंग का दर्जा



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर परिषद करनावद को परिषद अध्यक्ष परशराम पाटीदार, उपाध्यक्ष राजेश गोयल के नेतृत्व में पहली बार वन स्टार रेटिंग का गौरव प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि पर नपाध्यक्ष ने कहा कि इस ₹वन स्टार₹ को प्राप्त करने के लिए नगर परिषद टीम ने अथक प्रयास किए, जिसमें विभिन्न मापदंडो जैसे की साफ रोड़, वॉल पेंटिंग, कबाड़ से जुगाड़, पब्लिक टॉयलेट सफ़ाई एवं समय-समय पर आयोजित होने वाले स्वच्छता अभियानों पर लगातार काम किया। दरअसल, यह पहला अवसर है, जब करनावद नगर परिषद को ₹वन स्टार₹ रेटिंग की बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। नपा उपाध्यक्ष राजेश गोयल ने कहा कि वन स्टार रेटिंग प्राप्त होने से नगर के नागरिकों का भी राष्ट्रीय स्तर पर मान और सम्मान बढ़ा है। लिहाजा नगरीय प्रशासन, वॉर्ड पार्षदगणो, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के प्रति आभार जताते हुए परिषद् के अधिकारियों/कर्मचारियों एवं स्वच्छता सहयोगी स्वास्तिक संस्था को भी शुभकामनाएं प्रेषित करता हैं।

खबर संक्षेप

## बोर्ड परीक्षा के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल के प्रवेश-पत्र अपलोड

**आष्टा।** बोर्ड परीक्षा के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल ने प्रवेश पत्र अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं के लिए इनकी जांच करने के बाद स्कूल प्राचार्य को घोषणा पत्र अपलोड करना होगा ।इसके बाद ही विद्यार्थी इनका प्रिंट निकाल सकेंगे। 10वीं और 12वीं क्लास की कक्षाओं की परीक्षा फरवरी में होने जा रही है ।लोकसभा चुनाव के चलते इस बार फरवरी के प्रथम सप्ताह में परीक्षा आयोजित की जा रही है ।इन परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र भी निश्चित हो गए हैं ।बोर्ड ने इस संबंध में सभी प्राचार्यों को निर्देश भी जारी किए हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र के सभी स्कूलों के प्राचार्य को अपने यहां पर पड़ने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पत्रों को चेक करना होगा ।उनके नाम ,कक्षा, विषय ,तारीख आदि सही है कि नहीं। गलत होने पर उसमें संशोधन के लिए लिखना होगा ।अगर सभी परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र सही पाए गए तो उन्हें एक घोषणा पत्र अपलोड करना होगा ।जिसमें यह लिखा होगा कि उन्होंने सभी प्रवेश पत्रों को चेक कर लिया है। वह सही पाए गए हैं ।इस घोषणा पत्र के बाद में बोर्ड के अधिकारी प्रवेश पत्र को जारी कर देंगे। विद्यार्थी इसकी प्रिंट निकाल सकेंगे। उसे दिखाकर परीक्षा केंद्र में परीक्षा दे सकेंगे।

### विश्राम गृह पर बैठक में थानों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण के दिए निर्देश

# शासकीय जगह से हटाकर तय स्थान पर ही लगवाएं दुकानें: विधायक

शासन के आदेश जारी होने के कई दिन बाद भी नगर में अभी तक मांस बेचने वालों के लाइसेंस जारी नहीं हुए हैं। खुले में ही बेच रहे अंडे और मांस- मछली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शासन के आदेश जारी होने के कई दिन बाद भी नगर में अभी तक मांस बेचने वालों के लाइसेंस जारी नहीं हुए हैं। इसके बाद भी नगर सहित ग्रामीण अंचल में खुले में बेखौफ होकर मांस, मछली और अंडा बेचने वालों की दुकानें शासकीय भूमि पर लग रही है, उसे तत्काल हटवाई जाए तथा निर्धारित किए गए स्थान पर ही इन दुकानों को लगवाया जाए। थानों की सीमा का पूर्ण निर्धारण किया जा रहा है हमारे द्वारा दिए गए सुझावों एवं सरपंच आदि द्वारा दी गई जानकारी अनुसार संबंधित थानों में उन ग्रामों को जोड़ा जाए। ताकि लोगों को थाने तक पहुंचने में एवं अपनी सूचना पहुंचाने में परेशानी ना हो। उक्त बातें स्थानीय विश्राम गृह पर आयोजित बैठक में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहीं एवं उन्होंने पुलिस को निर्देशित किया कि मांस -मटन आदि की दुकानों के संबंध में शासन द्वारा दिए गए निर्देश का कड़ाई से पालन कराया जाए। अभी भी नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में खुले में मांस-मटन, अंडे की दुकानें शासकीय भूमि पर ही संचालित हो रही है। बैठक में एसडीओपी आकाश अमलकर एवं नगर निरीक्षक पुष्पेंद्रसिंह राठौर ने बताया कि आष्टा थाना के ग्राम चाचारसी, परोलियापार एवं सहबाजपुरा को पार्वती थाने में तथा पार्वती थाने के ग्राम ताजपुरा ,लच्छीरामपुरा एवं बोरखेड़ा को आष्टा थाने में जोड़ने के सुझाव दिए गए हैं। इसी प्रकार सिद्धिकगंज थाना के श्यामपुरा टप्पा ,अरनियाजोहरी, देवली, उदनपुरा, बांदरियाहाट को जावर थाने में तथा जावर थाने के चामसी, खामखेड़ा, बैजनाथ, धींगाखेड़ी को सिद्धिकगंज थाने में जोड़ा जाए।

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि नगर में लाइसेंस नहीं बनने से मांस विक्रेता अवैध रूप से मांस, मछली बेच रहे हैं। शासन के नियम अनुसार मांस विक्रेताओं द्वारा बकरा, बकरी, मुर्गा आदि को काटने से पहले पशु चिकित्सक को दिखाना जरूरी है, लेकिन नगर में मांस विक्रेताओं द्वारा खुले में पशु चिकित्सक की जांच के बिना बकरा, बकरियां, मछली और मुर्गे आदि काटे जा रहे हैं। इससे यदि कोई मवेशी किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हुआ तो उसकी बीमारी उसे खाने वाले लोगों को भी हो सकती है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आदेश का पालन नहीं हो रहा है। नवीन सरकार के गठन के बाद सरकार ने अवैध रूप से खुले में अनाधिकृत जगहों पर मांस -मटन बेचने को लेकर जगह-जगह मांस की दुकान खोलकर मांस का व्यापार करने वालों पर सख्त आदेश जारी किए थे। आदेशों का कहीं-कहीं तो पालन हो रहा है, लेकिन कई जगह इन आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है। बैठक में एसडीएम आनंद सिंह राजावत, एसडीओपी आकाश अमलकर,नगर निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ सहित पर्वती थाना, जावर थाना एवं सिद्धिकगंज थाना प्रभारी एवं सरपंच आदि उपस्थित थे।

# ट्रक में भरकर ले जा रही सागौन की लकड़ी जब्त

### ट्रक चालक हो गया फरार



**आष्टा।** वन अमले ने पुलिस के साथ मिलकर की कार्रवाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा। परिक्षेत्र अधिकारी इछावर नवनीत झा द्वारा परिक्षेत्र अधिकारी आष्टा राजेश चौहान को सूचना दी गयी कि मुखबिर द्वारा बताया गया है कि एक अवैध सागौन इमारती लकड़ी से भरा आयशर ट्रक इछावर-आष्टा से होता हुआ जाने वाला है। जिसके पश्चात परिक्षेत्र अधिकारी आष्टा द्वारा आष्टा टी.आई. पुष्पेन्द्र राठौर से सम्पर्क कर उक्त कार्रवाई में पुलिस स्टॉफ का भी सहयोग प्राप्त किया।

जिसके पश्चात परिक्षेत्र अधिकारी इछावर श्री झा के निर्देशन में एक संयुक्त दल गठित किया गया। जिसमें दल प्रभारी डिप्टी रेंजर चंदन सिंह भिलाला द्वारा परिक्षेत्र इछावर व आष्टा के स्टॉफ के सहयोग से तीन दलों का गठन कर संभावित स्थलों पर उक्त आयशर को पकड़ने के लिये बेठे तभी मुखबिर द्वारा बताये गये एक स्थल गिट्टी मशीन जोड़ से गुराड़िया पत्थर की ओर तेज रफ्तार में 1 लाल रंग की आयशर आती दिखाई दी, जिसे रोकने का प्रयास किया गया, तो वन अमले को देखकर वाहन चालक ने उक्त आयशर खेत की ओर से भगाने का प्रयास किया, पर ट्रक वहीं पल्टी खा गयी। जिसके बाद आयशर वाहन का ड्रायवर वाहन व लकड़ी को छोड़कर कोहरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

पल्टी खाई आयशर को क्रेन के सहयोग से सीधा कर परिक्षेत्र आष्टा लाया गया। रेंजर राजेश चौहान ने बताया कि उक्त कार्रवाईं इछावर रेंजर नवीनत झा, आष्टा टी.आई. पुष्पेन्द्र राठौर के सहयोग से ग्राम उछालाखेड़ी के पास से की गयी है। जिसमे एक वाहन आयशर को सागौन इमारती चरपट 124 अवैध रूप से परिवहन करते हुये जब्त किया गया है। जिसमें विधिवत वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण में जांच की जा रही है।

इस सफलता म रेंजर नवनीत झा, आष्टा टीआई पुष्पेन्द्र राठौर, डिप्टी रेंजर चंदर सिंह भिलाला, शैलश कुमार सिंह, कमलेश वर्मा, मुकेश ठाकुर, चेतन आर्य, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, भूपेन्द्र डुगरिया, विकास कनोसिया, चंदर सिंह जलोदिया, अर्जुन वर्मा, आषीष वर्मा, कपिल यादव, फैसल चंचल चंदेल, जय सक्सेना, दीपेन्द्र चौहान, रामभरोस, नितेश पाटीदार आदि वनकम चॉरियों की महत्वूपर्ण भूमिका रही।

# मकर संक्रांति: गजक और पतंग की सजी दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मकर संक्रांति का पर्व समीप आते ही नगर में गजक और पतंग की दुकानें सज कर तैयार हो चुकी है। जहां पर ग्राहकी भी देखी जा रही है। मकर संक्रांति पर्व इस बार 15 जनवरी को मनाया जाएगा। सूर्य 14 जनवरी को अर्ध रात्रि 2.44 बजे धनु से मकर राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्यास्त के बाद राशि परिवर्तन करने से इस साल मकर संक्रांति का पुण्यकाल 15 जनवरी को रहेगा।

इसलिए इस साल मकर संक्रांति का पर्व 15 जनवरी को मनाया जाएगा। इस वर्ष मकर संक्रांति अश्व पर बैठकर आ रही हैं। अर्थात वाहन अश्व और उपवाहन सिंहनी होगा। मकर संक्रांति के आगमन के साथ ही एक माह का खरमास भी समाप्त हो जाएगा। नगर के मारुपुरा में कैलाश कुशवाह की पतंग दुकान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चित्र वाली एवं वर्ष 2024 लिखी हुई एवं तिरंगा वाली पतंग अधिक बिक रही है। यहां पर 50 से लेकर 350 रुपए तक की पतंग बिक रही हैं। नगर पुरोहित पंडित मनीष पाठक एवं ज्योतिषाचार्य डॉक्टर दीपेश पाठक ने बताया कि इस साल की मकर संक्रांति विद्वान और शिक्षित लोगों के लिए काफी अच्छी रहने वाली है। व्यापारियों और कारोबारी लोगों को वस्तुओं की लागत कम होने से कुछ लाभ होने की संभावना है। हालांकि इस दौरान किसी तरह का भय और चिंता बनी रह सकती है। लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

अंतरराष्ट्रीय संबंधों में मधुरता आएगी। अनाज के भंडारण में वृद्धि होगी। पंडित पाठक बंधुओं ने बताया कि सूर्य आराधना का महापर्व मकर संक्रांति तारीख से 14 जनवरी को मनाया जाता है। लेकिन वर्ष 2024 में भी यह 15 जनवरी को मनाया जाएगा। क्योंकि सूर्यनारायण 14 जनवरी को अर्द्ध रात्रि 3.44 बजे धनु से मकर राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्यास्त के बाद राशि परिवर्तन करने से मकर संक्रांति का पुण्यकाल 15 जनवरी को रहेगा। ऐसे में इस साल भी मकर संक्रांति पर्व 15 जनवरी को मनाया जाएगा। इस वर्ष मकर संक्रांति अश्व पर बैठकर आ रही है अर्थात वाहन अश्व और उपवाहन सिंहनी होगा।

ज्योतिषियों के अनुसार मकर संक्रांति पौष मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि 15 जनवरी को रवि योग, शतभिषा नक्षत्र में मनाई जाएगी। रवि योग सूर्योदय के साथ सुबह 7.07 से प्रारंभ होकर दिनभर रहेगा। इस दिन भगवान को तिल व तिल के लड्डू और गेहूं व चावल के खिचड़े का भोग लगाने का महत्व है।पंचांग के अनुसार मकर संक्रांति का प्रारंभ 14 जनवरी को अद्धरात्रि 3.44 बजे से प्रारंभ होगा, इसलिए यह पर्व 15 जनवरी को उदयातिथि में मनाया जाना श्रेष्ठ है। इसका पुण्य काल 15 जनवरी सोमवार को सूर्योदय से शुरू होगा और दिनभर रहेगा। मकर संक्रांति के पुण्य काल में तीर्थों में स्नान, दान, जप तथा धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व है। यदि तीर्थ स्थल जाना संभव नहीं है तो घर पर ही सूर्योदय के पूर्व उठकर पानी में गंगाजल डालकर स्नान करें।

मकर संक्रांति पर चावल, मूंग की दाल, काली तिल, गुड़, ताम्र कलश, स्वर्ण, ऊनी वस्त्र आदि का दान करने से समृद्धि मिलती है। इस दिन भगवान सत्यनारायण की कथा भी की जाती है। संक्रांति 14 जनवरी की अर्द्ध रात्रि में होने की वजह से 2019 और 2020, 2023 में भी 15 जनवरी को मनाई गई थी। मकर संक्रांति का पर्व 80 से 100 साल में एक दिन आगे बढ़ जाता है। 19वीं सदी में मकर संक्रांति पर्व 13 और 14 जनवरी को मनाया जाता था।

# स्कूल में कॉलेज चलो अभियान की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कलावती कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टड़ीज आष्टा कालेज चलो अभियान के तहत सी.एम.राइज स्कूल व कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में इस अभियान का षुभांरम्भ किया गया ।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा जो नई शिक्षा नीति लागू की गई है। उनके तहत महाविद्यालय मे विद्यार्थीयो की संख्या बढ़ाने का भी प्रयास किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश बडोदिया ने कालेज चलो अभियान के तहत दोनों ही विद्यालयो में यह जानकारी ही कि कलावती कॉलेज में विभिन्न सुविधांए उपलब्ध है। शासन द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्ति योजनाएं जैसे गांव की बेटी, दिव्यांग छात्रवृत्ति, आवास योजना, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, अल्पसंख्यक योजना आदि इस तरह की योजनाएं महाविद्यालय में उपलब्ध है। महाविद्यालय में बीए, बीए कम्प्यूटर, बीकॉम, बीकॉम कम्प्यूटर, बीएससी, बीबीए, बीसीए पाठ्यक्रम संचालित है। महाविद्यालय में प्रवेष लेने छात्र-छात्राओं को आनलाइन एडमिशन प्रक्रिया की जानकारी दी।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने उच्च शिक्षा मंत्री के नाम कॉलेज प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**आष्टा।** विद्यार्थियों को शासन की योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिल पा रहा है, क्योंकि बीते 6 माह से छात्रवृत्ति का पोर्टल ठप पड़ा है। उक्त समस्या को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई आष्टा द्वारा शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ पुष्पलता मिश्रा को उच्च शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री रजत सोनी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि 6 माह से छात्रवृत्ति का पोर्टल ठप होने के कारण प्रदेश के डेढ़ लाख से अधिक विद्यार्थी आज छात्रवृत्ति संबंधित विभिन्न प्रकार की योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं। जिसमें पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, आवास भत्ता, गांव की बेटी योजना, प्रतिभा योजना का लाभ नहीं मिलने से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का विद्यार्थी जो छात्रवृत्ति योजनाओं के माध्यम से महाविद्यालय में प्रवेश लेता है। ऐसे में 6 माह से छात्रवृत्ति के पोर्टल बंद होना उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों के लापरवाही दर्शाता है। उक्त छात्रवृत्ति पोर्टल को तत्काल चालू करवा कर विद्यार्थियों को मिलने वाली शासन की योजना का लाभ दिलाया जाए ,ताकि गरीब वर्ग का विद्यार्थी अपनी शिक्षा को बरकरार रख सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान महाविद्यालय अध्यक्ष श्याम राजपूत, मंत्री अभिषेक मलेशिया, राहुल जाट, सोनू मालवीय ,प्रिंस कुशवाह, मनीष, भविष्य जैन, विकास डाबी, ध्रुव यादव, अंश राठौर आदि उपस्थित थे।

# मौसम में आया बदलाव, बन रही बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

दिसंबर के तीसरे सप्ताह तक जब सर्दी ने जोर नहीं पकड़ा तो रबी की चना व मटर की फसलें इल्ली कीट व्याधि का शिकार होने लगी थीं। साल के अंत में सर्दी ने ऐसी दस्तक दी कि कोहरा, बूंदाबांदी के साथ आठ दिन से धूप नदारद है। दिन व रात के तापमान में 3 से 5 डिग्री का अंतर चल रहा है। आज से तीन दिन बारिश की संभावना व्यक्त की गई है।यह ठंडक अब गेहूं की फसलों पर संकट पैदा कर रही है। गेहूं की फसलें खेतों में पीली पड़ने लगी। कृषि विभाग वाले मानते है कि जिन किसानों ने खेत की सिंचाई कर दी, और लोकमान वैरायटी की बुबाई की है, वही फसल पीली पड़ रही है। चना व मटर के खेतों में भी सिंचाई होने से वह पीली पड़ रही। कृषि विभाग वाले फिलहाल किसानों को खेतों की सिंचाई न करने की सलाह दे रहे है। विदित रहे कि क्षेत्र में रबी फसल के तहत दलहन व तिलहन की बुवाई का सिलसिला अक्टूबर से शुरू हो जाता है। गेहूं की बुवाई नवंबर माह से होती है। इस बार दिसंबर माह के तीसरे सप्ताह तक सर्दी अपने शबाब पर नहीं आई थी। परिणाम चना व मटर की फसलों पर इल्ली कीट व्याधि का प्रकोप शुरू हो गया था। 25 दिसंबर को कोहरे ने दस्तक दी। इसके बाद से लगातार कभी हल्का, कभी मध्यम तो कभी घना कोहरा बना हुआ है। कोहरा कभी ओस के रूप में बरसा तो कभी बूंदाबांदी तो कहीं झमाझम के रूप में। इस बीच कभी कभी हल्की धूप निकलती रही। लेकिन 30 दिसंबर से धूप पूरी तरह से नदारद है। धूप न निकलने व दिन रात के तापमान में अधिक अंतर न होने से 24 घंटे ठंडक परेशानी का कारण बन रही। फसल के पौधों में प्रकाश संश्लेषण की क्रिया नहीं हो पा रही है। इसे पौधों की ग्रोथ ठीक से नहीं हो पा रही। अधिक ठंडक से गेहूं, चना व मटर की फसलें पीली पड़ने लगी। इलाके में आज से ही बारिश का असर शुरू होने की संभावना व्यक्त की है।मौसम विभाग ने तीनों ही दिन 5 से 15 एमएम बारिश दर्ज होने के आसार बताए है। लगातार पड़ रही ठंड और अब बने बारिश के आसार से रबी सीजन की गेहूं, चना आदि फसलों को फायदा होगा। यदि अनुमान के मुताबिक बारिश हुई तो फसलों में एक सिंचाई का काम हो जाएगा। इसका सीधा किसानों को फायदा होगा। वहीं जिन इलाके में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं था, वहां भी रबी सीजन की फसलों में पानी की आपूर्ति होगी। इससे उत्पादन में बढ़ोतरी होगी। ज्ञात रहे मौसम विशेषज्ञों ने लगातार 3 दिन में एक इंच से भी ज्यादा बारिश होने के आसार बताए है। इतनी बारिश फासलों के लिए एक सिंचाई की पूर्ति कर देगी।ठंडी हवा की गति धीमी होने के साथ ही रात के तापमान में इजाफा होने लगा है। हालांकि तापमान बढ़ने के बाद भी दिन और रात के वक्त लोगों को ठिठुरन महसूस हो रही है।ठिठुरन बढ़ने से लोग अलाव सहारा लेते हुए भी नजर आए। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के मौसम में बदलाव आने की संभावना है। आसमान पर फिर बादल छा सकते हैं।साथ ही क्षेत्र में कहीं-कही हल्की बारिश हो सकती है। दिन का तापमान 26 डिग्री के आसपास ही रहेगा।

# पेंशनर ने किया देवांचल धाम देवबड़ला का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




सीहोर जिला मुख्यालय के जावर क्षेत्र के समस्त पेंशनर ने सुंदरलाल राठौर जिलाध्यक्ष पेंशनर समाज सीहोर एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष के.एल.बैरागी के नेतृत्व में विगत दिन देवांचल धाम देव बड़ला का भ्रमण किया। कार्यक्रम का संयोजन पेंशनर समाज जावर के अध्यक्ष सुधीर सिंह विश्वकर्मा ने किया। भोपाल इन्दौर मार्ग मेहतवाड़ा के पास देव बड़ला प्राचीन एवं ऐतिहासिक अपनी यादें समेटे हुए हैं। यहाँ खुदाई के दौरान निकले पत्थरों से एक में भगवान भोलेनाथ का मंदिर बनकर तैयार हो चुका है एवं दूसरा मंदिर निर्माणाधीन है। परमार कालीन ऐतिहासिक एवं दुर्लभ मूर्तियाँ भी निकली है। नकुल सिंह ठाकुर सेवा निवृत्त फूड इंस्पेक्टर द्वारा सहभोज का आयोजन भी रखा गया। समस्त पेंशनर ने भजन कीर्तन किया एवं सम्पूर्ण देव बड़ला का भ्रमण कर न केवल रोमांचित हुए बल्कि अत्यंत प्रफुलित हुए। पेंशनर की मांगों के सम्बंध में जिला पेंशनर समाज के दिशा निर्देशन में प्रेषित ज्ञापन का वाचन भी किया गया, जो निकट भविष्य में शासन के समक्ष प्रस्तुत किया जावेगा। इस भ्रमण कार्यक्रम में सुधीर सिंह विश्वकर्मा अध्यक्ष पेंशनर समाज, जावर सचिव अशोक मालवीय, दिनेश चन्द्र बाहेती, नकुल सिंह ठाकुर, डॉ.ओमप्रकाश दुबे, करण सिंह मालवीय, मांगीलाल मालवीय, मेहरबान ठाकुर, सजन सिंह ठाकुर, ठाकुरलाल सौलंकी, चन्दरसिंह ठाकुर, शंकरलाल विश्वकर्मा, अम्बाराम मालवीय, अनारसिंह ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### श्री जगदीश्वर धाम महिला मंडल ने राम मंदिर में किए आयोजन

# प्राण-प्रतिष्ठा से पहले महिलाओं ने गायी रामधुन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पौष कृष्ण पक्ष की सफला एकादशी के पावन अवसर पर नगर के गंज मोहल्ले में स्थित श्री जगदीश्वर धाम मंदिर में महिला मंडल द्वारा श्री राम प्रतिष्ठा से पहले रामधुन से श्री राम अर्चना भक्ति भाव के साथ की गई। पौष मास के अंतिम 5 दिन पूजा-अर्चना एवं दान पुण्य के लिए विशेष बताए गए हैं। सफला एकादशी व्रत सभी श्रद्धालुओं द्वारा रविवार को मनाया गया।भगवान लड्डू गोपाल के दरबार में भक्ति भाव के साथ भजन कीर्तन भी किए गए। सोमवार 8 जनवरी को अनुराधा नक्षत्र सर्वार्थ सिद्धि योग की भी निष्पत्ति हो रही है। नगर पुरोहित पंडित मनीष पाठक एवं ज्योतिषाचार्य डॉक्टर दीपेश पाठक ने बताया कि पौष कृष्ण पक्ष के आखिरी पांच दिनों में पूजा अर्चना तथा धार्मिक दृष्टि से दान-पुण्य के लिए विशेष महत्वपूर्ण है। इन 5 दिनों में 7 जनवरी को सफला एकादशी उसके पश्चात 9 जनवरी को भौम प्रदोष व्रत,10जनवरी बुधवार को जय प्रभ विजय पुण्य दिवस,महाशिवरात्रि के साथ-साथ 11 जनवरी को देव पितृ कार्य अमावस्या का विशेष योग घटित होगा ।इन योगों में जिन जातकों की पत्रिकाओं में पितृदोष राहु ,शनि व केतु या अंगारक योग से पीड़ित है , उन्हें भौम प्रदोष व्रत एवं देव पितृ कार्य अमावस्या के दिन वैदिक विधि से शांति के लिए उपाय करना विशेष शुभ रहेगा।



# शीतलहर में ठिठुर रहे बच्चे अभिभावक बोले-छुट्टियां हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



एक सप्ताह से सुबह के कोहरे और शीत लहर के बीच छोटे बच्चे स्कूल जाने के लिए मजबूर हैं। सुबह 9 बजे नर्सरी से लेकर 8वीं तक के बच्चे स्कूल के लिए घर से निकल जाते हैं। वहीं दूसरी ओर ठंड का कहर जारी है। ऐसे में अभिभावकों को बच्चों के बीमार होने की चिंता सताने लगी है। मौसम को देखते हुए अभिभावकों ने स्कूलों की छुट्टी रखने की बात कही है।

शीतलहर से लोग कांप गए। लगातार सातवें दिन भी मौसम नहीं खुला। जिससे लगातार ठंड का कहर जारी है। फिर भी सुबह से कोहरे और शीत लहर के बीच स्कूल के बच्चे घर से निकले। कई बच्चे बस से जा रहे थे तो कई बच्चों के अभिभावक स्वयं ही सुबह ठंड के बीच उन्हें स्कूल छोड़ने पहुंचे। साथ ही कुछ बच्चे ऑटो-टैक्सी से स्कूल के लिए निकले। स्कूल जा रहे बच्चों में किसी को सर्दी हो रही थी, तो कोई ठंड से कांप रहा था। जब बच्चों से पूछा तो ठंड में स्कूल जाने का मन नहीं होना बताया। मौसम को देखते हुए बच्चों के अभिभावक भी ठंड में बच्चों को स्कूल नहीं भेजना चाह रहे हैं। ठंड का कहर लगातार जारी रहने से तापमान में भी गिरावट देखने को मिल रही है।

-: जाहिर सूचना :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती मोहिनी बाई गोयल पति श्री कैलाशचंद गोयल निवासी आगर तहसील व जिला आगर-मालवा म.प्र. के स्वामित्व की भूमि कस्बा आगर तहसील व जिला आगर मालवा के भूमि सर्वे क्रमांक 1670/4/मिन रकबा 1.986 हैक्टर भूमि स्थित है जिसे मेरे पक्षकार ने नाथिया बाई पति भूरालाल जी गवली से बजर्ये रजिस्टर्ड विक्रय विलेख दस्तावेज क्रमांक 2 ग्रन्थ क्रमांक 3045 दिनांक 02/04/2009 से क्रय कि थी, उक्त पंजीकृत दस्तावेज गुम हो गया है तथा ढुंढने पर नही मिलने पर पुलिस थाना आगर में उक्त दस्तावेज के गुम होने की सूचना को दी गई है, उक्त दस्तावेज में लिखित भूमि मेरे पक्षकार बैंक में बंधक रख ऋण प्राप्त कर रहा है। अतः सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति को बंधक कर ऋण लेने के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति या दावा हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशरन के 7 दिवस के अन्दर लिखित में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में करें, बाद सूचना के कोई भी व्यक्ति मेरे पक्षकार के द्वारा बंधक कि गई सम्पत्ति पर किसी प्रकार का दावा करता है तो उसको होने वाली हानि की जवाबदारी उसकी स्वयं की होंगी।

भवदीय पारस चंद जैन (अधिवक्ता)
ऑफिस - आगर लॉ चैम्बर
मिर्ची बाजार के पास आगर (म.प्र.)
मो.नं.-09425083217, 8770272100


### असुरक्षित बोरवेल, कुओं के फिजीकल निरीक्षण की जरूरत नहीं पड़ेगी

# एसडीएम ने बनवाया ऐसा एप जो खुले बोरवेलों की देगा जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विगत माह जिले के पिपलिया रसोडा गांव में खुले बोरवेल में गिरने से एक बच्ची के हुए निधन के बाद इस तरह के घटना की पुनरावृर्ति न हो, इसके लिए जिले में एहतियातन कदम उठाए गए हैं। नरसिंहगढ़ एसडीएम अंशुमान राज ने एक विशेष जीआईएस आधारित एप विकसित करवाया गया है। इस उन्नत तकनीक की सहायता से मैदानी अमले ने सिर्फ 2 सप्ताह में ही जिले के सभी उपखण्डों में 22 हजार से अधिक बोरवेल एवं कुओं की जियो टेगिंग एवं फोटोग्राफी करने में सफलता हासिल की। इस सर्वेक्षण से प्राप्त डेटा के आधार पर एक एआई आधारित लर्निंग मशीन का विकसित की गई है। इस लर्निंग मशीन मॉडल का मुख्य उद्देश्य उपग्रह चित्रों के माध्यम से स्वचलित रूप से कुओं, बोरवेल की पहचान करना है। इस तरह का अनूठा मॉडल संभवतः प्रदेश में पहली बार विकसित किया गया है। अभी इस एप पर तकनीकी एक्सपर्टस द्वारा और कार्य किया जा रहा है।

**उपग्रह चित्रों के माध्यम से स्वचलित रूप से हो जाएगी खुले बोरवेलों की पहचान**





#### इस मॉडल के हैं अनेकों फायदे

यह मॉडल खुले और असुरक्षित कुओं की पहचान करके दुर्घटनाओं को रोकने में मदद करेगा, जिससे भविष्य में ऐसी त्रासदियों से बचा जा सकता है। इस मॉडल का उपयोग करके जल संसाधनों का अधिक कुशलता से प्रबंधन किया जा सकता है, जिससे जल संरक्षण में भी सहायता मिलती है।

#### समय और संसाधनों की होगी बचत

इस मॉडल के जरिए, पटवारियों और अन्य सरकारी कर्मचारियों को हर एक कुएं और बोरवेल का फिजिकल निरीक्षण करने की आवश्यकता नहीं होगी। जिससे समय और संसाधनों की बचत होती है। इस तरह के इनोवेटिव समाधान पर्यावरण संरक्षण और जल सुरक्षा के क्षेत्र में सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक होते हैं।

#### कलेक्टर के निर्देशों पर हुआ यह नवाचार

नरसिंहगढ़ एसडीएम राज की यह अभिनव पहल कलेक्टर हर्ष दीक्षित के निर्देशों पर की गई है। कलेक्टर दीक्षित बताते हैं कि विगत दिनों हुई दुर्घटना के पश्चात प्रशासन ने जिले में आपदा निवारण के लिए ठोस कदम उठाए हैं। इस सर्वेक्षण से प्राप्त डेटा का उपयोग न केवल भूमि रिकॉर्ड को अपडेट करने में हो सकेगा, बल्कि भूजल अनुसंधान में भी यह कारगर साबित होगा।

### अन्य शिक्षकों की डीएलएड मार्कशीट भी हो सकती हैं फर्जी

# डीईओ ने संकुलों से मांगी ट्रांसफर होकर आए शिक्षकों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

फॉलोअप

सिंगरोली जिले में डीएलएड की फर्जी अंकसूची से नौकरी पाने वाले 22 शिक्षकों की नियुक्ति शिक्षा विभाग ने निरस्त कर दी है। फर्जी दस्तावेजों से नौकरी के मामले को जिला शिक्षा विभाग ने गंभीरता से लेते हुए जिले के सभी 74 संकुलों (जनशिक्षा केंद्रों) को पत्र भेजा है। इस पत्र से जानकारी चाही गई है कि अन्यत्र जिलों में नियुक्ति के बाद राजगढ़ जिले में ट्रांसफर करवाकर आए ऐसे कितने शिक्षक हैं। संभावना है कि करीब 25 ऐसे शिक्षक हैं जिन्होंने महीदपुर (उज्जैन) सहित अन्य जिलों में फर्जी अंकसूचियों से नियुक्ति पाई। नियुक्ति के बाद उन्होंने राजगढ़ में ट्रांसफर करवा लिया। ऐसे सभी शिक्षकों की जानकारी जनशिक्षा केंद्रों से मांगी गई है। जानकारी प्राप्त होने के बाद अब सभी शिक्षकों द्वारा नियुक्ति के समय लगाई गई डीएलएड की मार्कशीट सहित अन्य दस्तावेजों का पुनः सत्यापन करवाया जाएगा।


तीनों शिक्षकों ने सिंगरौली में ली थी ज्वाइनिंग, बाद में राजगढ़ हुआ ट्रांसफर
फर्जी मार्कशीट से पाई नौकरी, 3 शिक्षकों की नियुक्तियां निरस्त


#### कार्रवाई करेंगे

सभी संकुलों को हम पत्र भेज रहे हैं कि कौन-कौन शिक्षक अन्य जिलों से नियुक्ति के बाद राजगढ़ के स्कूलों में ट्रांसफर करवाकर पदस्थ हुए हैं। जानकारी प्राप्त होने के बाद आगामी कार्रवाई करेंगे।

देवेंद्र सिंह रघुवंशी, डीईओ राजगढ़

#### कम्प्यूटर सेंटर संचालक फरार

कर्नाटक ओपन यूनिवर्सिटी की फर्जी मार्कशीट राजगढ़ की पीटी कंपनी में संचालित कम्प्यूटर सेंटर के संचालक द्वारा शिक्षकों को बनाकर दी गई थी। बताया जा रहा है कि इस कम्प्यूटर सेंटर संचालक के खिलाफ थाने में आवेदन दिए जाने के बाद से ही वह सेंटर बंद कर फरार हो चुका है। बहरहाल, जो भी हो लेकिन फर्जी दस्तावेजों से नौकरी पाने के इस मामले में अभी और भी कई नई परतें खुल सकती हैं।



### राजगढ़ की बेटी ने गुड़गांव में कमाई उपलब्धि

**राजगढ़।** राजगढ़ की बेटी डॉ. वसुधा शर्मा का होम्योपैथी पर किया गया रिसर्च इंटरनेशनल जर्नल ऑफ होम्योपैथिक साइंस में प्रकाशित हुआ है। वसुधा ने 'वेटलॉस पर होम्योपैथिक मेडीसन का असर' विषय पर यह शोध किया था। इंटरनेशनल जनरल ऑफ होम्योपैथिक साइंस ने इस पर उन्हें सम्मानित किया है। वसुधा शर्मा खादी बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनंदन शर्मा की पुत्री हैं जो गुड़गांव की डीएलएफ सिटी में सफल क्लीनिक का संचालन कर राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाईन कंसलटेंट के आधार पर लोगों को स्वास्थ्य लाभ दे रही हैं।

## विकासखंड योग समिति सारंगपुर की बैठक आयोजित



**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश योग आयोग के दिशा निर्देशानुसार कार्यालय विकास खंड शिक्षाधिकारी सारंगपुर में ब्लाक स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें विकास खण्ड योग समिति के अध्यक्ष रमेशचन्द्र जोशी, उपाध्यक्ष बीएस व्यास, पदेन सचिव विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बीएल सूर्यवंशी, सहसचिव अनिल कुमार सेन, एवं समिति सदस्य नरसिंह शर्मा विद्याधर कुम्भकार, हिमांशी सेन बैठक में उपस्थित रहे। बैठक का प्रारंभ ओम के मंत्र उच्चारण से किया गया, बैठक में योग प्रभारी अनिल कुमार सेन द्वारा समिति के सदस्यों को मध्यप्रदेश योग आयोग के द्वारा निर्देशित विचारणीय विषय से अवगत कराया गया। बैठक में सचिव सूर्यवंशी द्वारा सभी संकुल प्राचार्यों से ग्राम योग समिति गठन के बारे में मोबाईल से चर्चा की गई। जहां योग समिति का गठन नहीं हुआ है वहां शीघ्रता से गठन कर अवगत कराने के निर्देश दिए।

### नपाध्यक्ष ने व्यवस्थित रूप से पोल लगाने ठेकेदार को दिए निर्देश

## सीधे 33 केवी लाइन से होगी जिला अस्पताल में बिजली की आपूर्ति



**राजगढ़।** जिला चिकित्सालय परिसर में 200 बिस्तरीय अस्पताल निर्माणाधीन है। इस अस्पताल के बनने के बाद राजगढ़ अस्पताल 500 बिस्तर के क्षमता का हो जाएगा। बड़े भवन में लगने वाली विभिन्न मशीनरी, उपकरणों के लिए बिजली की भी बहुत ज्यादा खपत होगी। इसके लिए बिजली विभाग द्वारा जिला अस्पताल परिसर को सीधे 33 केवी लाइन से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में 11 केवी लाईन से यहां बिजली की सप्लाई की जा रही है जो कि आने वाले दिनों में नाकाफी होगी। इसीलिए विभाग द्वारा 500 बेड के अस्पताल की विद्युत खपत को ध्यान में रखते हुए 33 केवी लाइन से जोड़ने का काम तेज गति से करवाया जा रहा है। इससे जिला चिकित्सालय में चैबीसों घंटे बिजली की आपूर्ति संभव हो पाएगी और बार-बार के फाल्ट व अन्य तकनीकी समस्याओं से निजात मिलेगी।

#### नपाध्यक्ष ने चेंज कराया लाइन का रूट

जिला चिकित्सालय को सीधे 33 केवी लाइन से जोड़ने विद्युत ठेकेदार द्वारा खिलचीपुर नाके से निकली लाइन को जिला अस्पताल तक पहुंचाने हेतु कार्य किया जा रहा है। इसके लिए जिला पंचायत से अस्पताल परिसर तक विद्युत पोल लगाए जा रहे हैं। लेकिन, जब उक्त पोलों को अव्यवस्थित रूप से लगाने की जानकारी नपाध्यक्ष विनोद साहू को लगी तो वे तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने सभी विद्युत पोलों को सड़क से दूर बाउन्ड्रीवाल के अंदर व्यवस्थित रूप से लगाने के निर्देश बिजली ठेकेदार को दिए।

### वाहनों की टक्कर की बात को लेकर दो पक्षों में विवाद, थाने में मामला दर्ज

**सारंगपुर।** नगर के आदर्श नगर में पर चार पहिया वाहन एवं दो पहिया वाहन में टक्कर हो जाने की बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसके बाद आपस पर दोनों पक्षों के बीच जमकर लात-घुसे चले। इसमें कुछ लोगों को चोटे भी आई है। इस मामले में पुलिस ने थाने में मामला पंजीबद्ध भी कर लिया है। थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि फरियादी सुमित कतिया ने थाने पर पहुंचकर शिकायत करते हुए कहा कि आरोपित सतीश मिश्रा एवं सोनू मिश्रा सहित एक अन्य आरोपी ने मारपीट करते हुए जान से मरने की धमकी दी और जातिसूचक शब्द का प्रयोग किया। फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर भादवि की धारा 294, 323, 506/34 3 (1) दा, 3(2) 5 का के तहत मामला दर्ज किया है।

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना राशि वितरण कार्यक्रम आयोजित किया



**सारंगपुर।** शासन की महत्वपूर्ण योजना लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा बुधवार को लाड़ली बहनों के खातों में राशि वितरित की गई, जिसका सीधा प्रसारण नगर पालिका कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया एवं समस्त वार्डो की आंगनवाड़ी केंद्रों पर कार्यक्रम आयोजित किये गए व लाड़ली बहनो को सीधा प्रसारण दिखाया गया। आंगनवाड़ी केंद्रों पर लाड़ली बहनो का स्वागत कर तिल के लडडु,गजक वितरित किये गये कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल एंव पार्षदगणो द्वारा लाड़ली बहनों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। साथ ही नगर के वार्डो की आंगनवाड़ी केंद्रों पर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का प्रसारण करवाया और लाड़ली बहनो का पुष्प वर्षा एंव तिल के लडडु,गजक वितरित कर स्वागत किया गया। उक्त कार्यक्रम में पार्षद सिधुलाल पुष्पद बाबूलाल अहिरवार गोपाल पाल सुनील बागवान भानुसिंह लववंशी कमला बाई मुख्य नगर पालिका अधिकारी एलएस डोडिया महिला एंव बाल विकास अधिकारी सहित नगर पालिका कर्मचारी विनोद गिरजे अशोक दीक्षित मांगीलाल पुष्पद सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका व लाड़ली बहने आदि उपस्थित थीं।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायतों में शिविर हो रहे आयोजित



**कालापीपल।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले की जनपद पंचायतों के विभिन्न ग्रामों में शिविरो का दौर लगातार जारी है। इसी के तहत आज जनपद पंचायत कालापीपल की ग्राम पंचायत बमुलियामुछाली एवं बेरछादातार तथा शुजालपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत महुआखेड़ी एवं लसूड़लिया गौरी के शिविर में स्थानीय विधायक घनश्याम चंद्रवंशी अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि श्री राकेश पाटीदार, जनपद सदस्य प्रतिनिधि श्री दीपसिंह राजपूत, कृपाल सिंह मेवाड़ा, सुरेश परमार, मुख्यकार्यपालन अधिकारी राजकुमार मंडल एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण व विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे। सभी शिविरों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत लाभांवित भी किया गया। शिविरों में आमजनों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। शिविरों में उपस्थित ग्रामीण जनों को देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाया गया। शिविरों के दौरान स्थानीय नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविरों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के अलग-अलग स्टॉल भी लगाए गये थे। इस अवसर पर शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी साझा किए। इसके साथ ही यात्रा के साथ चल रहे प्रचार रथ से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का प्रसारण किया गया। प्रचार रथ में एलईडी द्वारा केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी गई। कृषि विभाग के द्वारा ड्रोन का प्रदर्शन कर ग्रामीणो को तकनीकी के माध्यम अपनी फसलों में कीटनाशक व अन्य दवाई छिड़कने की आसान विधि से अवगत कराया गया।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिला बैठक हुई आयोजित



**कालापीपल।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिला बैठक गुरूवार को दोपहर 3 बजे अरनियाकलां मंडल के अलीसरिया ग्राम स्थित भोले डूंगरी पर आयोजित हुई,जिसमे युवा मोर्चा के आगामी कार्यक्रमो की रूपरेखा तय की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजयुमो जिला अध्यक्ष श्याम टेलर व जिला प्रभारी जयवर्धन जोशी उपस्थित रहे, आगामी दिनों में युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार नमो ऐप द्वारा मोदी जी से सीधे जुड़कर विकसित भारत एंबेसडर बनाने का कार्य करेगा एवं नव मतदाता सम्मेलन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मोर्चे के जिलाध्यक्ष श्याम टेलर ने संबोधन स्वरूप कहा कि जिले में विकसित भारत एंबेसडर और नव मतदाता सम्मेलन किए जायेंगे इसको लेकर विस्तृत जानकारी समस्त जिला पदाधिकारी को दी गई है व आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर मंडलश कार्य योजना बनाई जा रही है, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी जयवर्धन जोशी रहे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री जुझार सिंह राजपूत ने किया।

### भाजपा नेता का सोशल मीडिया पर मामला वायरल के बाद एसपी ने लिया एक्शन

## संदीप मीणा होंगे देहात थाना प्रभारी प्रभारी मुकेश गौड़ हुए लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगर के हाईवे पर स्थित देहात थाना में पदस्थ थाना प्रभारी मुकेश गौड़ पर एक राजनैतिक मामले को लेकर कार्रवाई हो गई है। इस कार्रवाई में जिले के पुलिस कप्तान धर्मराजसिंह मीणा द्वारा लाइन अटैच किया गया हैं। उसके बाद देहात थाना प्रभारी की कमान संदीप मीणा को सौंपी गई है। जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर मंगलवार रात के समय वरिष्ठ भाजपा नेता को प्रभारी द्वारा कुर्सी से उठाने का मामला वायरल हुआ था, उसके बाद सभी भाजपा के लोगों में टीआई के इस व्यवहार को लेकर नाराजगी झलकी और टीआई की शिकायत एसपी से की गई। अंततः बुधवार को एसपी ने कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी मुकेश गौड़ को लाइन हाजिर कर दिया और देहात थाना का प्रभारी संदीप मीणा को बनाया गया। जैसे ही आदेश जारी हुआ उसके बाद देहात थाना प्रभारी संदीप मीणा ने अपना कार्यभार संभाल लिया।



#### पूर्व में भी थाना प्रभारी रहे मीणा

देहात थाने के प्रभारी बनाए संदीप मीणा जो पूर्व में भी करनवास, बोड़ा प्रभारी रहे हैं। वे सुठालिया, पचोर एवं नरसिंहगढ़ थाने में पदस्थ रहकर उत्कृष्ट कार्य कर चुके हैं। ज्ञातव्य है कि संदीप मीणा करनवास रहते हुए करोड़ों की अवैध शराब पकड़ने में सफलता हासिल की थी। अपराधियों में नकेल कसने का काम भी उनके द्वारा किया गया हैं।

## पूजित अक्षत घर-घर जाकर आमंत्रण दे रहे राम भक्त



**जीरापुर।** अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर जहां पूरे देश में उत्साह का माहौल बना हुआ है। वहीं नगर में स्वयं सेवक एवं राम भक्त धार्मिक श्रद्धा भाव उत्साह के माहौल में गीत गाकर घर-घर जाकर अयोध्या से आए पूजित अक्षत देकर आमंत्रण दे रहे हैं। बुधवारिया बाजार स्थित हनुमान मंदिर पर सामुहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। राम भक्त गीत गाते हुए चल रहे हैं अयोध्या तो सजाई है मथुरा काशी भी सजाई है।

#### राम भक्त समूह में गीत भजन गाकर दे रहे पूजित अक्षत

नगर में समूह में जा रहे जिनमें प्रमुख रूप से खण्ड संघ चालक महेश जमींदार, गिरीराज गुप्ता भण्ड़ावद, मोहनलाल मेंवाडें, कोमलसिंह जमींदार, दिनेश गुर्जर, विशाल गुप्ता, शैलेन्द्र जमींदार, अजय ,डा राघवेन्द्र वैघ, अर्पित जमींदार ,सुजान गुर्जर, विजय वैरागी सहित राम भक्तों ने गुर्जर मोहल्ला से शुरूआत कि जोकि माताजी मोहल्ला, कुशवाह मोहल्ला ,शाहजी मोहल्ला भावसार मोहल्ला बस स्टैंड के पीछे अक्षत दिए।

## विकसित भारत यात्रा के तहत समस्त योजनाओं का लाभ हर एक पात्र व्यक्ति तक पहुंचेः गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा



खिलचीपुर विधानसभा 163 के हर ग्राम स्तर पर हमारा संकल्प विकसित भारत यात्रा के तहत समस्त योजनाओं का लाभ हर एक व्यक्ति तक पहुंचे, योजनाओं से कोई नहीं रहे वंचित। ऐसे ही सार्थक उद्देश्यों को संपूर्ण रूप से पूरा करने केंद्र एवं मध्य प्रदेश भाजपा सरकार के कर्मठ जनप्रतिनिधि वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संबंधित विभाग के आला अधिकारियों के समक्ष सरलता के साथ आम जनता का रुका कार्य त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों के समक्ष समाधान हेतु प्रेषित किए जा रहे हैं। ग्राम सोनखेड़ा तथा देवली सांगा में नाटक के माध्यम से बड़ी सरलता योजनाओं से जुड़ने हेतु प्रेरित किया। साथ-साथ मध्य प्रदेश में भाजपा की मोहन सरकार जो गरीबों के हित में संवेदनशीलता के स्वरूप हर क्षेत्र में पारदर्शिता का रूप लेकर योजनाओं तथा जमीनी स्तर के सुलभ कार्यों को अग्रिम गति प्रदान कर रहे हैं जो सहजता के साथ हर ग्राम स्तर तक पहुंचाने का कार्य बड़ी सरलता के साथ भाजपा का हर कर्मठ कार्यकर्ता कर रहा है। ग्राम देवली सांगा में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर माल्य अर्पण मां सरस्वती को की। इसके पश्चात सर्व योजनाओं का विस्तार पूर्वक बखान किया गया। जिसमे यात्रा प्रभारी सुनील, मंडल अध्यक्ष निर्मल गुप्ता, महामंत्री स्वदेश शर्मा, महामंत्री रामबाबू नागर, बद्रीलाल रजक, दुर्गा प्रसाद वमार्, रामगोपाल दांगी, मुकेश चौधरी, प्रवीण खटीक, बद्रीलाल दांगी राधेश्याम राजोरा दुर्गा प्रसाद पाटीदार एलकार सिंह यात्रा में उपस्थित रहे।

## रामदूत घर-घर पहुंचकर दे रहे अयोध्या पधारने का न्यौता



**राजगढ़।** आगामी 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की जन्मस्थली साकेत (अयोध्या) में नवनिर्मित मंदिर में प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा का भव्यतम आयोजन होना है। इसको लेकर पूरे देष में व्यापक स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। इस एतिहासिक दिवस पर अधिक से अधिक रामभक्त अयोध्या पहुंचे इसके लिए विष्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता जिले के प्रत्येक घर, द्वारों पर पहुंचकर लोगों को पीले चावल देकर न्यौता देने में लगे हुए हैं। इसी कड़ी में विहिप, बजरंग दल के तत्वाधान में रामधुन लागी भक्ति संस्थान की युवा टोली द्वारा नगर के वार्ड 4, वार्ड 5 इंदिरा कॉलोनी, आवास कॉलोनी, वाल्मीकि कॉलोनी, बीटीआई, पीजी कॉलेज सहित अन्य क्षेत्रों में पहुंचकर अयोध्या से आए पूजित अक्षत वितरित किए। इस अवसर पर विष्व हिन्दू परिषद के जिला सत्संग प्रमुख गगन दुबे, जिला धर्मस्य पंडित अमित तिवारी, प्रखंड सत्संग प्रमुख बालकृष्ण मेवाड़े, प्रखंड नगर मंत्री हरीश सेन, सुदर्शन मेवाड़े, हषित सहित कईं युवा उपस्थित थे।